महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि. /सम्बद्धता/2021/ 4935-44 दिनांक : 15 दिसम्बर, 2021

कार्यालय ज्ञाप

अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ के संलग्न पत्रांक : 2947/सत्तर–3–2021 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि एन0आई0सी0 द्वारा विकसित माइक्रो ब्लागिंग आधारित पोर्टल **"लोक संवाद"** को प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थानों में उपयोग करने के सम्बन्ध में है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि एन0आई0सी0 द्वारा एक माइक्रो ब्लागिंग आधारित पोर्टल "लोक संवाद" का विकास किया गया है जिसके माध्यम से विचारों एवं संदेशों को बड़े समूह तक त्वरित गति से आदान–प्रदान किया जा सकता है। उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में परस्पर संवाद स्थापित करने में **"लोक संवाद"** अपनी महती उपयोगिता सिद्ध कर सकता है।

अतः उक्त के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत समस्त महाविद्यालयों/शिक्षण संस्थानों **"लोक संवाद"** के माध्यम से विषयवस्तु/ज्ञान/संवाद/कार्यक्रमों का आदान–प्रदान तथा पोर्टल का उपयोग करें। एन0आई0सी0, उ0प्र0 के श्री आलोक तिवारी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक सम्पर्क सूत्र alok-tiwari@nic-in 0522-2298855 से "लोक संवाद" के सम्बन्ध में किसी भी तकनीकी सहयोग एवं परामर्श हेतु सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

संलग्नक : यथोपरि।

15/12/2021

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त अधिकारी।
2. परीक्षा नियन्त्रक।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली।
5. मीडिया प्रभारी।
6. प्रबन्धक/सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, सम्बद्ध–एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
7. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, एम0जे0पी0रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
8. निजी सचिव–कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
9. प्रभारी, वेबसाईट, वेबसाईट पर पत्र अपलोड करने हेतु।

कुलसचिव